# मूक बधिर बच्चों ने दी आकर्षक प्रस्तुति

गंगरार. मेवाड़ विश्वविद्यालय में बाल दिवस के उपलक्ष्य में सूर निलियम अन्ध विद्यालय एवं मूकबधिर विद्यालय भीलवाड़ा के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुतियां दी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेवाड़ एजुकेशन सोसाइटी के चेयरपर्सन गोविंद लाल गदिया एवं श्री आर. के. गदिया रहे। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर वी.के. वैद्य ने सूर निलियम अन्ध विद्यालय से आये सभी छात्र.छात्राओं को एवं अध्यापकगणों को आभार व्यक्त किया। विद्यालय की प्रिंसिपल सिस्टर लूसिल ने बताया कि उनकी यह संस्था सन्न 198 6 से कार्यरत हैं एवं विद्यालय में लगभग 150 विद्यार्थी अध्यनरत है। ना सुन पाने वाले बालको द्वारा संकेतो के आधार पर राष्ट्रगान गाया जिससे सभी भावुक हुए। विश्वविद्यालय के एनएसएस विंग द्वारा बालको के लिए कई प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। संचालन डॉ. चैताली अग्रवाल ने किया। वहीं बोरदा के उच्च माध्यमिक विद्यालय में बालसभा का आयोजन किया गया। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक कन्हैयालाल धोबी ने बताया कि विविध प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य भगवानलाल सुथार ने देश पण्डित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला। संचालन प्यारचन्द गंवारिया ने किया। इधर बूढ़ के बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय के तत्वावधान में स्थानीय चामुण्डामाता मंदिर परिसर में बाल दिवस पर आयोजन हुआ। संचालन संस्था प्रधान भंवर कंवर ने किया। ग्रामसेवा सहकारी समित के अध्यक्ष अर्जुन अहीर आदि भी उपस्थित थे।




Rajasthan Patrika, 15-11-2019

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में बाल दिवस की प्रस्तुतियां

गंगरार । मेवाड़ विश्वविद्यालय में बाल दिवस के उपलक्ष्य में सुर निलियम अंध विद्यालय एवं मुख बधिरंग विद्यालय भीलवाड़ा के छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेवाड़ एजुकेशन सोसाइटी के चेयरपर्सन गोविंदलाल गदिया एवं आरके गदिया रहे। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर वीके वैद्य ने सुर निलियम अंध विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों का आभार व्यक्त किया। प्रिंसिपल सिस्टर लूसिल ने बताया की उनकी यह संस्था वर्ष 1986 से कार्यरत है। उपखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में बाल दिवस मनाया गया। बोरदा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वृहद बाल सभा हुई।

Dainik Bhaskar 15-11-2019